प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2025

# इन्टरमीडियट परीक्षा – 2025

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION

AGRICULTURE (Elective)

कृषि (ऐच्छिक)

I.Sc. (THEORY/सैद्धान्तिक)

विषय कोड
Subject Code: **120**

| प्रश्न पुस्तिका सेट कोड<br>**Question Booklet Set Code** |
|---|
| |

कुल प्रश्न : 70 + 20 +6 = 96

Total Question: 70 + 20 + 6 = 96

कुल मुद्रित पृष्ठ :27

Total Printed Pages : 27

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)

[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)

[Full Marks : 100]

---

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश / **Instructions for the candidates :**

1- परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंको का) अवश्य लिखें।
Candidates must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.

2- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
Candidates are required to give their answer in their own words as far as practicable.

3- दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
Figures in the right-hand margin indicate full marks.

4- प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
An extra time of 15 minutes has been allotted to read the questions carefully.

5- यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में है – खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।
This question booklet is divided into two sections – Section 'A' and Section 'B'.

6- खण्ड "अ" में 70 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें 35 प्रश्न अनिवार्य है। यदि परीक्षार्थी 35 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं, तो प्रथम 35 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनके उत्तर देने हेतु OMR उत्तर–पत्रक पर सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ/ ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग नहीं करें अन्यथा परीक्षा अमान्य होगा।

In Section – A there are 70 objective type question out of which 35 questions are compulsory. If the candidates answer more than 35 questions, the first 35 questions only will be evaluated. Each question carries 1 mark for answering these darken the correct circle on the OMR Answer Sheet with black/blue ball pen. Do not use whitener/liquid material/ blade/ nail etc on the OMR Answer Sheet otherwise the result will be invalid.

7- खण्ड 'ब' में 20 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं, जिनमें से किन्हीं 10 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त इस खण्ड में 6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है,

In Section-B there are 20 short Answer Type Questions. Each question carries 2 marks. Out of which any 10 questions are to be answered. Apart from these, there are 6 Long answer type questions out of which any 3 questions are to be answered. Each questions carries 5 marks,

8- किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

## खण्ड – अ / Section-A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 70 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। केवल 35 प्रश्नों के ही उत्तर दें। 35 x 1 = 35

Question Nos 1 to 70 have four options each, out of which only one is correct, you have to mark your selected option on the OMR sheet. Answer any 35 questions. 35 x 1 = 35

1- आर्थिक महत्व वाले पौधों का ऐसा समूह, जो किसी निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में उगाया गया हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) फसल (B) अनाज

(C) जंगल (D) बगीचा

What is a group of plant of economic importance grown in a particular geographical area called?

(A) Crop (B) Cereals

(C) Forest (D) Garden

2- धरती की सभी वनस्पतियाँ नष्ट हो जाने पर क्या होगा ?

(A) मानव जीवन खत्म हो जाएगा (B) समस्त जीव खत्म हो जाएँगे

(C) जल–जीवन खत्म हो जाएगा (D) केवल पक्षी बचेंगे

What will happen if all the vegetation on earth is destroyed?

(A) Human life will end (B) All living being will destroyed

(C) Aquatic life will be destroyed (D) Only the birds will survive

3- किस ऋतु में वातावरण में ऊँचा तापमान व आर्द्रता होती है ?

(A) खरीफ (B) रबी

(C) गरमा (D) इनमें से कोई नहीं

In which season, there is high temperature and humidity in the atmosphere?

(A) Kharif (B) Rabi

(C) Summer (D) None of these

4- निम्न में से कौन मालवेसी कुल का फसल है ?

(A) टमाटर (B) तीसी

(C) पटसन (D) अण्डी

Which of the following is a crop of the Malvaceae family?

(A) Tomato (B) Linseed

(C) Jute (D) Castor

5- कपास के चारा ओर किस फसल को लगाकर कॉटन रेड बग का नियंत्रण करते हैं ?

(A) मिर्च (B) टमाटर

(C) फूलगोभी (D) भिण्डी

Red cotton bug is controlled by planting which crop around cotton?

(A) Chilli (B) Tomato

(C) Cauliflower (D) Ladyfinger

6- किस फसल से एथेनॉल प्राप्त किया जाता है ?

(A) आलू (B) गन्ना

(C) (A) एवं (B) दोनों (D) प्याज

Ethanol is obtained from which crop?

(A) Potato (B) Sugercane

(C) both (A) and (B) (D) Onion

7- गहरी जड़वाली फसल है –

(A) धान (B) गेहूँ

(C) जौ (D) अरहर

Deep rooted crop is -

(A) Paddy (B) Wheat

(C) Barley (D) Pigeon pea

8- बिहार की खाद्यान्न फसलों में सबसे महत्वपूर्ण कौन फसल है ?

(A) धान (B) गेहूँ

(C) मक्का (D) मटर

Which one is the most important crop among the cereals of Bihar?

(A) Paddy (B) Wheat

(C) Maize (D) Pea

9- बिहार में धान की उत्पादकता कितना है ?

(A) 2025 किग्रा/हे० (B) 2225 किग्रा/हे०

(C) 2525 किग्रा/हे० (D) 2825 किग्रा/हे०

What is the productivity of paddy in Bihar?

(A) 2025 kg/ha (B) 2225 kg/ha

(C) 2525 kg/ha (D) 2825 kg/ha

10- मान्यता के अनुसार गेहूँ किसके द्वारा भारत लाया गया ?

(A) आर्यो द्वारा (B) अंग्रेजों द्वारा

(C) पुर्तगालीयों द्वारा (D) यूनानियों द्वारा

According to belief, who brought wheat to India?

(A) By the Aryans (B) By the British

(C) By Portuguese (D) By the Greeks

11- गेहूँ का कजरा कीट का वैज्ञानिक नाम क्या है ?

(A) सीरपोफैगा इनसरटुलास (B) एग्रोटीस इप्सिलॉन

(C) एक्सीलास्टिस ऐटोमोसा (D) स्पाइलोसोमा ऑब्लिक्वा

What is the scientific name of cut work of wheat?

(A) Scirpophaga incertulas (B) Agrotis ipsilon

(C) Exelastis atomosa (D) Spilosoma obliqua

12- क्यु० पी० एम० क्या है ?

(A) धान (B) गेहूँ

(C) मक्का (D) चना

What is Q.P.M.?

(A) Paddy (B) Wheat

(C) Maize (D) Gram

13- किस फसल में वायुमण्डल के असंयुक्त नाइट्रोजन को भूमि में स्थापित करते हैं ?

(A) खाद्यान्न फसल (B) दलहन फसल

(C) तेलहन फसल (D) चारा फसल

In which crop the uncombined Nitrogen of atmosphere is fixed in the soil?

(A) Cereals (B) Pulse crops

(C) Oilseed crops (D) Fodder crops

14- कौन सी दलहन की पैदावार संसार का 90 प्रतिशत भारत में होता है ?

(A) अरहर (B) चना

(C) मूँग (D) मसूर

90 percent of the world's production of which pulse is produced in India?

(A) Pigeon pea (B) Gram

(C) Green gram (D) Lentil

15- मसूर की खेती किस जलवायु में होती है ?

(A) कटिबन्धीय (B) शीतोष्ण

(C) उष्ण (D) शुष्क

In which climate, lentil cultivation is done?

(A) Sub-topical (B) Temperate

(C) Tropical (D) Arid

16- निम्न में कौन ताल क्षेत्र का एक प्रमुख फसल है ?

(A) उड़द (B) सरसो

(C) गन्ना (D) मसूर

Which of the following is a major crop of Tal region?

(A) Black gram (B) Mustard

(C) Sugarcane (D) Lentil

17- मटर का उत्पत्ति स्थल अनुमानतः कहाँ है ?

(A) पाकिस्तान (B) उत्तर–पश्चिम भारत

(C) अफगानिस्तान (D) इनमे से सभी

Where is the supposed origin of peas?

(A) Pakistan
(B) Nort-West India
(C) Afganistan
(D) All of these

18- सम्राट एवं सोना किसका उन्नत प्रभेद है ?

(A) चना
(B) मूंग
(C) मटर
(D) मूंगफली

Samrat and Sona are improved varieties of which crop?

(A) Gram
(B) Green gram
(C) Pea
(D) Groundnut

19- निम्न में से किसकी खेती की बिहार में अपार संभावना है ?

(A) मूंगफली
(B) कपास
(C) धान
(D) गेहूँ

Which of the following has immense potential for cultivation in Bihar?

(A) Groundnut
(B) Cotton
(C) Paddy
(D) Wheat

20- सरसो की खल्ली किसे नहीं खिलाया जा सकता है ?

(A) गाय
(B) मुर्गीयों
(C) सूअरों
(D) (B) एवं (C) दोनों

Mustard cake cannot be fed to it?

(A) Cow
(B) Chickens
(C) Pigs
(D) Both (B) and (C)

21- सरसो का बीज दर है –

(A) 2 किग्रा / हे०
(B) 5 किग्रा / हे०
(C) 8 किग्रा / हे०
(D) 10 किग्रा / हे०

Seed rate of mustard is -

(A) 2 Kg/ha
(B) 5 Kg/ha
(C) 8 Kg/ha
(D) 10 Kg/ha

22- तीसी का वानस्पतिक नाम क्या है ?

(A) ब्रैसिका जुन्सिया एल.
(B) लिनम यूसिटाटिसिमम एल.
(C) ब्रैसिका कैम्पेस्ट्रिस एल
(D) इनमें से कोई नहीं

What is the botanical name of Linseed?

(A) Brassica juncea L.
(B) Linum Usitatissimum L.
(C) Brassica campestris L.
(D) None of these

23- साबुन एवं प्रसाधन उद्योगों में किसका उपयोग होता है ?

(A) सूर्यमुखी
(B) तम्बाकू
(C) बरसीम
(D) गन्ना

Which is used in soap and cosmetic industries?

(A) Sunflower
(B) Tobacco
(C) Berseem
(D) Sugarcane

24- शरतकालीन गन्ना का रोपाई का समय क्या है ?

(A) 01 अगस्त से 15 सितम्बर
(B) 01 सितम्बर से 15 अक्टूबर
(C) 15 अक्टूबर से 30 नवम्बर
(D) 15 नवम्बर से 31 दिसम्बर

What is the time for planting autumn sugarcane?

(A) 01 August to 15 September

(B) 01 September to 15 October

(C) 15 October to 30 November

(D) 15 November to 31 December

25- गन्ना रोपाई में कितने आँखो वाली गिल्लियाँ उपयोग करना चाहिए ?

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

How many eyed galls should be used in sugarcane plantation?

(A) One

(B) Two

(C) Three

(D) Four

26- बिहार में जूट की खेती किस क्षेत्र में होती है ?

(A) कोसी क्षेत्र

(B) टाल क्षेत्र

(C) मगध क्षेत्र

(D) सोन क्षेत्र

In which area is Jute cultivated in Bihar?

(A) Kosi region

(B) Tal region

(C) Magadh region

(D) Sone region

27- केप्सूलेरिस किसका प्रकार है ?

(A) ज्वार

(B) जूट

(C) कपास

(D) तम्बाकू

Capsularis is a type of which plant?

(A) Sorghum

(B) Jute

(C) Cotton

(D) Tobacco

28- किस चारा फसल की कटाई केवल एक बार की जा सकती है ?

(A) मक्का (B) नेपियर घास

(C) बरसीम (D) ज्वार

Which fooder crop can be harvested only once?

(A) Maize (B) Napier grass

(C) Berseem (D) Sorghum

29- किस फसल की खेती चारे एवं अनाज दोनों के लिए करते हैं ?

(A) गेहूँ (B) मक्का

(C) बरसीम (D) अरहर

Which crop is cultivated for both fodder and grain?

(A) Wheat (B) Maize

(C) Berseem (D) Pigeon pea

30- (संकर नेपियर + बरसीम) – किस फसल पद्धति का उदाहरण है ?

(A) अन्तर्वर्ती खेती (B) मिश्रित खेती

(C) क्रमागत खेती (D) समानान्तर खेती

(Hybrid Napier + Berseem) is an example of which cropping system?

(A) Inter cropping (B) Mixed cropping

(C) Sequential cropping (D) Parellel cropping

31- किसी क्षेत्र विशेष में लगी सभी फसल प्रणालियों के जोड़ को क्या कहते हैं ?

(A) फसल चक्र (B) बहुमंजली खेती

(C) फसल तीव्रता (D) फसल खेती

The sum total of all the cropping systems adopted in the reported area is called?

(A) Crop rotation
(B) Multi storied cropping
(C) Cropping intensity
(D) Cropping pattern

32- मिश्रित खेती किस क्षेत्र में उपयोगी है ?

(A) सिंचित क्षेत्र
(B) असिंचित क्षेत्र
(C) (A) एवं (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

In which area is mixed cropping useful?

(A) In Irrigated region
(B) In non-Irrigated region
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

33- कन्जम्पटिव यूज ऑफ वाटर को किस रूप में जाना जाता है ?

(A) वाष्पोत्सर्जन
(B) इवेपोट्रान्सपिरेशन
(C) सिंचाई
(D) जल निकास

Consumptive use of water is known as what?

(A) Transpiration
(B) Evapotranspiration
(C) Irrigation
(D) Drainage

34- पौधे के क्रान्तिक अवस्था में किसकी अतिरिक्त आवश्यकता होती है ?

(A) नमी की
(B) पोषक तत्वों की
(C) (A) एवं (B) दोनों
(D) कीटनाशक की

What is additionally required during the critical stage of a plant?

(A) Moisture
(B) Nutrients
(C) Both (A) and (B)
(D) Insecticide

35- भूमि में नमी की गणना किस यंत्र से की जाती है ?

(A) इरोमीटर (B) रेनगेज

(C) एनेमोमीटर (D) बैरोमीटर

Which instrument is used to measure soil moisture?

(A) Irrometer (B) Raingauge

(C) Anemometer (D) Barometer

36- गेहूँ और मक्का के लिए आइ०डब्लू/सी०पी०ई० कितना निर्धारित है ?

(A) 0.1 (B) 0.8

(C) 2 (D) 10

What is the I.W/C.P.E. fixed for wheat and maize?

(A) 0.1 (B) 0.8

(C) 2 (D) 10

37- कौन सा सिंचाई विधि विज्ञान की यांत्रिक विधि का नमूना है ?

(A) जल प्लावन विधि (B) बोर्डर विधि

(C) बेसिन विधि (D) ड्रीप विधि

Which method of irrigation is an example of mechanical method of science?

(A) Flooding method (B) Border method

(C) Basin method (D) Drip method

38- जड़ों में अनएइरोबिक रिसपाइरेशन को कैसे रोका जा सकता है ?

(A) सिंचाई द्वारा (B) जल निकास द्वारा

(C) कीटनाशक द्वारा (D) उर्वरक द्वारा

How can anaerobic respiration in roots be prevented?

(A) By irrigation (B) By drainage

(C) By insecticide (D) By fertilizer

39- उत्तर भारत में क्षारीय मृदाओं को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) उसर मृदा (B) कललर मृदा

(C) बंजर मृदा (D) उपरोक्त सभी

By what name are alkaline soil known in North India?

(A) Usar soil (B) Kallar soil

(C) Banjar soil (D) All of above

40- निम्न फसल में से कौन लवण सहिष्णु है ?

(A) धान (B) मूंग

(C) सेब (D) अरहर

Which of the following crops is salt tolerant?

(A) Paddy (B) Green gram

(C) Apple (D) Pigen pea

41- दुर्बल अम्लीय मृदा का पी०एच० होता है –

(A) 5.7 (B) 6.7

(C) 7.0 (D) 7.7

Slightly acidic soil has a pH of -

(A) 5.7 (B) 6.7

(C) 7.0 (D) 7.7

42- गेहूँ के खेत में यदि कहीं–कहीं धान उग जाए तो उसे क्या कहेंगे ?

(A) वैकल्पिक फसल (B) अतिरिक्त फसल

(C) खरपतवार (D) नया फसल

What should you call it if paddy grows here and there in a wheat field?

(A) Alternative crop (B) Extra crop

(C) Weeds (D) New crop

43- निम्नलिखित में किसका बीज 25 से 40 वर्ष बाद भी उग सकता है ?

(A) चना (B) धान

(C) सरसो (D) बथुआ

Whose seed among the following can germination even after 25 to 40 years?

(A) Gram (B) Paddy

(C) Mustard (D) Bathua

44- निम्न में से कौन ग्रीष्म काल के खरपतवार हैं ?

(A) मोथा (B) पीला धतुरा

(C) विष खपड़ा (D) पत्थर चट्‌टा

Which of the following is a summer weed?

(A) Motha (B) Peela Dhatura

(C) Vish Khapra (D) Patthar Chatta

45- निम्न में से कौन आलू परिवार का खरपतवार है ?

(A) मकोय (B) दूब

(C) वन प्याज (D) जंगली जूट

Which of the following is a weed of the solanaceae family?

(A) Makoy (B) Dub

(C) Van pyaj (D) Jangali jute

46- केचुऐ की खाद के अर्क को क्या कहते हैं ?

(A) बायो गैस (B) वर्मी वाश

(C) वर्मी तेल (D) कंपोस्ट

What is the extract of vermi compost called?

(A) Bio gas (B) Vermi wash

(C) Vermi oil (D) Compost

47- एक किलोग्राम राइजोबियम कल्चर के प्रयोग से कितने किलोग्राम नाइट्रोजन की बचत होती है ?

(A) 1 (B) 10

(C) 100 (D) 500

How many kilograms of nitrogen is saved by using one kilogram of rhizobium culture?

(A) 1 (B) 10

(C) 100 (D) 500

48- नपेद विधि से किसे बनाया जाता है ?

(A) बायो गैस (B) कम्पोस्ट खाद

(C) वर्मी कम्पोस्ट (D) नीम उत्पाद

What is made by Naped method?

(A) Bio gas (B) Compost manure

(C) Vermi compost (D) Neem products

49- जल भरण प्रबंधन के लिए सही है –

(A) जल का अधिक दोहन (B) जल की बर्बादी

(C) मिट्टी क्षरण रोकना (D) इनमें से कोई नहीं

Correct for watershed management is -

(A) Over exploitation of water (B) Wastage of water

(C) Preventing soil erosion (D) None of these

50- आज भी अधिकांशतः वे कौन लोग हैं जो ऋण मे जन्म लेते हैं, ऋण में ही जीवित रहते हैं और ऋण में ही मर जाते हैं ?

(A) मजदूर (B) छोटे किसान

(C) दलाल (D) रिक्शा चालक

Even today, who are most of those people who are born, live in debt and die in debt?

(A) Labour (B) Small farmers

(C) Broker (D) Rickshaw puller

51- कृषि क्षेत्र में लगा श्रमशक्ति का एक बड़ा भाग अन्य व्यवसायों के लिए क्यों उपलब्ध है ?

(A) कृषि क्षेत्र में कम श्रमिकों की आवश्यकता (B) कृषि क्षेत्र में बेरोजगारी

(C) कृषि क्षेत्र में कम श्रमिकों को कम मजदूरी (D) इनमें से कोई नहीं

Why is large portion of the labour force engaged in the agricultural sector available for other occupations?

(A) Less works required in the agricultural sector (B) Unemployment in the agriculture sector

(C) Low wages to workers in the agriculture sector (D) None of these

52- 1.0 से 2.0 हेक्टैयर जोत वाले किसान को क्या कहते हैं ?

(A) सीमांत किसान (B) लघु किसान

(C) मध्यम किसान (D) वृहत किसान

What do you call a farmer who has 1.0 to 2.0 hectares of land?

(A) Marginal farmer
(B) Small farmer
(C) Medium farmer
(D) Large farmer

53- कृषि विपणन किसका मूल अस्त्र है ?

(A) धनी किसान का
(B) निर्बल किसान का
(C) व्यापारी का
(D) कृषक मजदूर का

Agricultural marketing is the main weapon of?

(A) Rich farmer
(B) Weak farmer
(C) Businessman
(D) Farmer labour

54- शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन कितने ग्राम फल के सेवन की संस्तुति की गई है ?

(A) 50
(B) 100
(C) 150
(D) 200

How many grams of fruit is recommended to be consumed daily to keep the body healthy?

(A) 50
(B) 100
(C) 150
(D) 200

55- अंगूर किस प्रकार का फल है ?

(A) ऊष्ण कटिबन्धीय
(B) उपोष्ण कटिबन्धीय
(C) शीतोष्ण कटिबन्धीय
(D) शुष्क जलवायु

What type of fruit is a grape?

(A) Tropical
(B) Sub-tropical
(C) Temperate
(D) Arid climate

56- बहुवर्षीय सब्जी का उदाहरण है –

(A) परबल (B) टमाटर

(C) फूलगोभी (D) प्याज

It is an example of a perennial vegetable -

(A) Pointed gourd (B) Tomato

(C) Cauliflower (D) Onion

57- फल पौधों को शुरूआती अवस्था से काट–छाँट कर मजबूत करना क्या कहलाता है ?

(A) जीर्णोद्धार (B) प्रर्वधन

(C) सधाई (D) इनमें से कोई नहीं

What is it called to strengthen fruit plants by pruning them from the initial stage?

(A) Rajuvenation (B) Propagation

(C) Training (D) None of these

58- पला से सबसे अधिक कौन सा फल वृक्ष प्रभावित होता है ?

(A) लीची (B) आम

(C) केला (D) इनमे से कोई नहीं

Which fruit tree is most affected by frost?

(A) Litchi (B) Mango

(C) Apple (D) Banana

59- निम्न में से भारत का राष्ट्रीय फल कौन है ?

(A) लीची (B) आम

(C) सेब (D) केला

Which of the following is the National fruit of India?

(A) Litchi (B) Mango

(C) Apple (D) Banana

60- अमरूद किस कुल का फल है ?

(A) कैरिकेसी (B) रूटेसी

(C) मैरिटेसी (D) पाल्मी

Guava belongs to which fruit family?

(A) Caricaceae (B) Rutaceae

(C) Mytaceae (D) Palmae

61- किस फल को श्रीफल भी कहते हैं ?

(A) आम (B) नारियल

(C) केला (D) इनमें से कोई नहीं

Which fruit is also called “Shreefal”?

(A) Mango (B) Coconut

(C) Banana (D) Naone of these

62- खजवा किस फल की किस्म है ?

(A) कटहल (B) पपीता

(C) आम (D) अमरूद

Khajwa is variety of which fruit?

(A) Jack fruit (B) Papaya

(C) Mango (D) Guava

63- काला गलन रोग किसमें होता है ?

(A) मूली
(B) फूगलोभी
(C) लहसुन
(D) आलू

In which black rot disease occurs?

(A) Radish
(B) Cauliflower
(C) Garlic
(D) Potato

64- बैगन का वानस्पतिक नाम क्या है ?

(A) केप्सिकम एनम
(B) सोलानम लाईकोपर्सिकम
(C) लेगनेरिया ससेरारिया
(D) सोलनम मेलोनजेना

What is the botanical name of brinjal?

(A) Capsicum annum
(B) Solanum lycopersicum
(C) Lagenaria siceraria
(D) Solanum melongena

65- जिमीकन्द के देसी किस्म में तीक्ष्णता का कारण है ?

(A) सोडियम आक्जेलेट
(B) पोटासियम आक्जेलेट
(C) कैल्सियम आक्जेलेट
(D) मैग्नेसियम आक्जेलेट

What is the reason for pungency in local variety of elephant foot?

(A) Sodium oxalate
(B) Potassium oxalate
(C) Calcium oxalate
(D) Magnesium oxalate

66- हल्दी का उन्नत प्रभेद है –

(A) राजेन्द्र सोनिया
(B) नदिया
(C) सुरभि
(D) सुप्रभा

Improved variety of turmeric is -

(A) Rajendra Sonia
(B) Nadia
(C) Surbhi
(D) Suprabha

67- ग्रीनहाउस निर्माण के लिए आवश्यकताएँ हैं –

(A) आसपास परिवहन
(B) बिजली
(C) पानी
(D) उपरोक्त सभी

Requirement for greenhouse construction is -

(A) Transportation nearby
(B) Electricity
(C) Water
(D) All of above

68- लाल गुलाब का किस्म कौन है ?

(A) बसंत
(B) एवऩ
(C) सोनिया
(D) तुषार

Which is the variety of red rose?

(A) Basant
(B) Aone
(C) Sonia
(D) Tushar

69- निम्न में से कौन बहुवर्षीय कन्दीय फूल का पौधा है ?

(A) गुलाब
(B) गेंदा
(C) डहलिया
(D) ग्लेडियोलस

Which of the following is a perennial tuberous flowering plant?

(A) Rose
(B) Marigold
(C) Dahlia
(D) Gladiolus

70- निम्न में से कौन जन संपर्क का उदाहरण है ?

(A) चलचित्र (B) भ्रमण

(C) मोबाइल वार्ता (D) व्यक्तिगत पत्र

Which of the following is an example of public contact ?

(A) Cinema (B) Tour

(C) Mobile talks (D) Personal letter

## खण्ड – ब / Section-B

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 20 तक के लघु उत्तरीय है। किन्ही 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। 10 x 2 = 20

Question Nos 1 to 20 are short Answer Type. Answer any 10 questions. Each question carries 2 marks. 10 x 2 = 20

1- रबी फसल से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by Rabi crop?

2- गेहूँ में घास कुल के खरपतवार का प्रबंधन कैसे करेंगे ?

How to manage Gramineae weeds in wheat?

3- चना में उकठा रोग का प्रबंधन कैसे करेंगे ?

How to manage wilt disease of gram?

4- तेरी, सरसों तथा राई के खल्ली के उपयोग को लिखें।

Write the uses of Tori, Mustard, and Rye Cakes.

5- ज्वार के एक कटाई एवं बहुकटाई वाली उन्नत किस्मों के दो–दो नाम लिखें ?

Write the names each of single harvest and multi harvest improved varieties of sorghum?

6- अन्तरवर्ती खेती को परिभाषित करें।

Define inter cropping.

7- मिट्टी में जल की उपलब्ध मात्रा (%) एवं आयतन (%) का सूत्र लिखें।

Write the formula for available quantity (%) and volume (%) of water in the soil.

8- मिट्टी के चूना की अत्यधिक मात्रा के प्रभाव का उल्लेख करें।

Mention the effects of excessive amount of lime in soil.

9- रबी मौसम के चार खरपतवार का नाम लिखें।

Write name of four weeds of Rabi season.

10-फसल अवशेष के पुनःचक्रण के दो लाभों को लिखें।

Write two advantages of recycling of crop residues.

11-सहकारी खेती को परिभाषित करें।

Define Co-operative farming.

12-सब्जी विज्ञान से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by Olericulture?

13-कटाई–छटाई के उद्देश्यों को लिखें।

Write the objectives of Prunning.

14-बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर द्वारा विकसित आम की किस्मों का नाम लिखें।

Write the names of mango varieties developed by Bihar Agricultural College, Sabour.

15-फल मक्खी से प्रभावित अमरूद के प्रबंधन को लिखें।

Write the management of guava affected by fruit fly.

16-फूलगोभी लगाने के लिए उपयुक्त जलवायु का विवरण दें।

Give details of suitable climate for growing Cauliflower.

17-गुलदाउदी की रोपाई कब और कैसे करनी चाहिए ?

When and how chrysanthemums be planted?

18-लेमनग्रास के किस भाग से तेल का आसवन किया जाता है ?

From which part of lemongrass is the oil distilled?

19-आम का आचार बनाने हेतु सामग्रीयों की सूची लिखें।

Write a list of ingredients for making Mango pickle.

20-प्रशिक्षण हेतु अनुकूल तत्वों के नाम लिखें।

Write the names of factors conductive to training.

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / **Long Answer Type Questions**

प्रश्न संख्या 21 से 26 तक के दीर्घ उत्तरीय है। इनमें से किसी तीन प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। 3 x 5 = 15

Question Nos 21 to 26 are Long Answer Type. Answer any three question. Each question carries 5 marks. 3 x 5 = 15

21-मक्का की खेती का निम्नलिखित शीर्षकों में वर्णन करें :

a) उन्नत किस्में
b) बीज दर
c) खाद एवं उर्वरक प्रबंधन
d) सिंचाई
e) खरपतवार नियंत्रण

Describe the cultivation of Maze under following heads :

a) Improved varieties
b) Seed rate
c) Manure and fertilizer management
d) Irrigation
e) Weed control

22-सूर्यमूखी की खेती का निम्नलिखित शीर्षकों में वर्णन करें।

a) मिट्टी
b) उन्नत प्रभेद
c) बुआई का समय
d) बीज दर
e) खाद एवं उर्वरक प्रबंधन

Describe the cultivation of Sunflower under following heads:

a) Soil
b) Improved varieties
c) Sowing time
d) Seed rate
e) Manure and Fertilizer Management

23-सतही सिंचाई के विभिन्न विधियों का वर्णन करें।

Describe the different methods of surface irrigation.

24-लीची की खेती का निम्नलिखित शीर्षकों में वर्णन करें :

a) वैज्ञानिक नाम
b) मिट्टी
c) किस्में
d) सिंचाई
e) उपज

Describe the cultivation of Sunflower under following heads:

a) Scientific name
b) Soil
c) Varieties
d) Irrigation
e) Yield

25-जल भरण प्रबंधन के उद्देश्यों का वर्णन करें।

Describe the objectives of watershed management.

26-ग्लैडियोलस की वैज्ञानिक खेती का वर्णन करें।

Describe the scientific cultivation of Gladiolus.